तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

12 पंडालों में जस गीतों की गूंज



14 गरबा की लय पर आस्था का वैभव, गरबा का आगाज...



नवरात्रि विशेष



षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्होंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषासुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।मगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंदहासोज्जवलकरा शार्दूलवरवाहना।

नगर पालिका का सघन वसूली अभियान, चार दिनों में 7.87 लाख की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा राजस्व वसूली बढ़ाने और बकाया राशि की वसूली के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। राजस्व विभाग की टीम ने 8 से 14 अक्टूबर के बीच चार दिनों में अभियान चलाकर कुल 7 लाख 87 हजार 259 रुपये की वसूली की। नगर पालिका के इस अभियान का उद्देश्य बकायादारों से लंबित राशि जमा कराना तथा निकाय की राजस्व आय में वृद्धि करना है।

नगर पालिका से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 8 अक्टूबर को चलाए गए वसूली अभियान में 1 लाख 15 हजार रुपये की राशि वसूल की गई। इसके बाद 12 अक्टूबर को अभियान के दौरान 1 लाख 83 हजार 823 रुपये की वसूली हुई। वहीं, 13 अक्टूबर को राजस्व विभाग की टीम ने 1 लाख 64 हजार 236 रुपये जमा कराए। अभियान के तहत 14 अक्टूबर को सबसे अधिक 3 लाख 24 हजार 200 रुपये की वसूली की गई।

वसूली अभियान में राजस्व अधिकारी आर सी तिवारी, सहायक राजस्व निरीक्षक प्रसुन शर्मा, शतेन्द्र सिन्हा, अशोक यादव और नंदकिशोर नेताम सहित राजस्व विभाग का अमला उपस्थित रहा। नगर पालिका परिषद द्वारा राजस्व वसूली की प्रक्रिया को गति देने के लिए इस दिशा में कार्रवाई की जा रही है।

राजस्व विभाग की टीम ने बकाया राशि जमा कराने चलाया अभियान



बकाया वसूली अभियान जारी

इस प्रकार चार दिनों में कुल 7,87,259 रुपये की राशि नगर पालिका के राजस्व मद में जमा कराई गई। लगातार चलाए जा रहे। इस अभियान के माध्यम से बकाया राशि की वसूली पर जोर दिया जा रहा है।नगर पालिका परिषद के राजस्व विभाग द्वारा राजस्व संग्रहण को व्यवस्थित बनाने और बकाया राशि की वसूली के लिए अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे अभियानों से निकाय को मिलने वाले राजस्व का उपयोग शहर की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति तथा अन्य नागरिक सुविधाओं के संचालन में किया जा सकता है।

पत्थर व डंडे से सिर कुचलकर की थी हत्या, आरोपी गिरफ्तार

डीएनए टेस्ट से हुआ खुलासा, पॉजिटिव रिपोर्ट के सामने पस्त हुआ कातिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

19 सितम्बर की रात ग्राम सिंगारपुर में बड़े तालाब के पास राजाराम साहू उर्फ चोंटी का लहूलुहान शव बरामद हुआ था। अज्ञात आरोपी द्वारा भारी पत्थर और डंडे से मृतक के सिर व चेहरे को बुरी तरह कुचलकर नृशंस हत्या कर दी गई थी। प्रार्थी सुखदेव साहू की रिपोर्ट पर थाना भाटापारा ग्रामीण में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध , धारा 103(1) बीएनबी के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक गौरव राय के कुशल निर्देशन में एसडीओपी मयंक रणसिंग साइबर सेल निरीक्षक प्रणाली वैद्य, ग्रामीण थाना टीआई हेमंत पटेल के द्वारा संयुक्त टीम गठित की गई। विवेचना व गोपनीय जांच के दौरान मृतक और गांव के ही रामप्रसाद साहू के बीच पूर्व से आपसी विवाद व रंजिश होने की जानकारी प्राप्त हुई।

संदेह के आधार पर हिरासत में



लिए जाने पर आरोपी रामप्रसाद ने घटना में अपनी किसी भी संलिप्तता से साफ इंकार कर दिया। विवेचना टीम ने पेशेवर कार्यप्रणाली अपनाते हुए आरोपी द्वारा घटना के समय पहने गए कपड़े एवं संदिग्ध लकड़ी का डंडा विधिवत जब्त कर रासायनिक व जैविक परीक्षण हेतु राज्य फॉरेंसिक साइंस प्रयोगशाला रायपुर भेजा। इस अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने, फॉरेंसिक साक्ष्य संकलन एवं आरोपी को सलाखों के पीछे पहुंचाने में निम्न अधिकारियों व कर्मचारियों की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही निरीक्षक ⏭ शेष पेज 12 पर

पॉजिटिव डीएनए रिपोर्ट से पर्दाफाश और आरोपी का इकबाल-ए-जुर्म

12.10.2026 को रायपुर से प्राप्त डीएनए परीक्षण रिपोर्ट ने इस मामले में निर्णायक मोड़ दिया। वैज्ञानिक विश्लेषण में यह पूरी तरह सिद्ध हुआ कि आरोपी के कपड़ों और डंडे पर मौजूद रक्त के धब्बों का डीएनए, मृतक राजाराम साहू के डीएनए प्रोफाइल से हूबहू मैच कर गया है। 14.10.2026 को जब पुलिस व साइबर सेल की टीम ने इस अकाट्य फॉरेंसिक रिपोर्ट को आरोपी के सामने रखकर मनोवैज्ञानिक ढंग से कड़ाई से पूछताछ की, तो आरोपी के पास बचने का कोई रास्ता नहीं बचा। डीएनए के अकाट्य प्रमाण के आगे आरोपी रामप्रसाद पूरी तरह टूट गया और उसने पुरानी रंजिश व आपसी विवाद के चलते पत्थर व डंडे से राजाराम साहू की हत्या करने का अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध पर्याप्त कानूनी व वैज्ञानिक साक्ष्य पाए जाने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय भेजा जा रहा है।

जान से मारने की धमकी देकर बैंक चेक लेने वाला आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार। व्हाट्सएप और सट्टा पट्टी के माध्यम से अवैध सट्टा संचालित करने तथा लेन-देन के विवाद में जान से मारने की धमकी देकर बैंक चेक लेने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 2,385 रुपये नकद, मोबाइल फोन, सट्टा पट्टी और प्रार्थी का बैंक चेक जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ दो अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, रिसदा रोड स्थित पेट्रोल पंप के मैनेजर हटकेश्वर भारती गोस्वामी की शिकायत पर आरोपी



दीपक कुमार मारकण्डे के विरुद्ध अपराध क्रमांक 860/2026 के तहत बीएनएस की धारा 308(2) में मामला दर्ज किया गया। आरोप है कि आरोपी व्हाट्सएप के जरिए सट्टा खिलाता था और पैसों के लेन-देन को लेकर प्रार्थी पर दबाव बना रहा था। उसने कार्यस्थल पर पहुंचकर जान से मारने की धमकी दी और कथित तौर पर जबरन बैंक चेक ले लिया।वहीं, मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने खोरसीनाला पनगांव स्थित लक्ष्मी फैंसी स्टोर्स में दबिश दी। यहां अंकों के सामने रकम लिखकर सट्टा संचालित करने के आरोप में आरोपी को पकड़ा गया। इस मामले में छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम, 2022 की धारा 6 एवं 7 के तहत अपराध क्रमांक 861/2026 दर्ज किया गया।0मोबाइल और सट्टा सामग्री जब्त पुलिस ने आरोपी से 2,385 रुपये नकद, 14 सट्टा पर्चियां, पेन, स्केल, कार्बन, वीवो मोबाइल फोन तथा भारतीय स्टेट बैंक का खाली चेक जब्त किया है। मोबाइल में व्हाट्सएप चैट और वॉइस रिकॉर्डिंग मिलने की जानकारी पुलिस ने दी है। गिरफ्तार आरोपी दीपक कुमार मारकण्डे उर्फ सोनू (25), निवासी दशरमा रोड, वार्ड क्रमांक 13, बलौदाबाजार है।

सड़क हादसे में घायल दो युवकों की अस्पताल में मौत



हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधपुरी

रायपुर-बलौदा बाजार मार्ग पर घोटिया मोड़ के पास सोमवार देर रात हुए सड़क हादसे में घायल दो और युवकों की बुधवार को रायपुर में मौत हो गई। इससे पहले सोमवार को ही एक युवक ने बलौदा बाजार अस्पताल में दम तोड़ दिया था। इस तरह हादसे में बाइक सवार तीनों युवकों की जान चली गई। तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़ी ट्रक में जा घुसी थी, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना के बाद पलारी पुलिस ने तीनों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तीनों की जान नहीं बच सकी।

जानकारी के अनुसार, हादसे में घायल प्रेम धीवर (18) निवासी कोरासी की उपचार के दौरान बलौदा बाजार अस्पताल में सोमवार को ही मौत हो गई थी। वहीं, गंभीर हालत को देखते हुए दो अन्य घायलों राज धीवर (18) निवासी पलारी और खिलेश्वर धीवर (18) निवासी कोरासी को बलौदा बाजार से रायपुर रेफर किया गया था। जहां उपचार के तीसरे दिन बुधवार को रायपुर के डीकेएस अस्पताल में दोनों युवकों ने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव परिजनों को सौंप दिए गए, जिन्हें देर रात गांव लाया गया। अंतिम संस्कार गुरुवार सुबह किया जाएगा।

इस संबंध में थाना प्रभारी पलारी रागनी राय ने कहा कि हादसा चूंकि हमारे क्षेत्र में हुआ और मौत अलग-अलग जगह हुई है, तो जब मर्ग डायरी आएगी, तब घटना की जांच आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक नियमों का लोग ⏭ शेष पेज 12 पर

एक ही परिवार के तीन युवकों की मौत

बताया जा रहा है कि तीनों युवक सोमवार को दौदे से पलारी आ रहे थे। प्रेम धीवर के पिता दौदे में होटल व्यवसाय चलाते हैं, जहां प्रेम पिता के साथ दुकान में काम करता था। तीनों युवक आपस में मौसी बड़ी के भाई हैं और तीनों की उम्र 18 वर्ष थी। राज धीवर पलारी में रहता है, जबकि प्रेम और खिलेश्वर कोरासी के निवासी थे। तीनों नवरात्रि के अवसर पर पलारी आ रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। घटना के बाद परिजनों का रो रो के बुरा हाल है।

खबर संक्षेप

जिला पंचायत अध्यक्ष ने छह गांवों का किया दौरा



बलौदाबाजार। जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल ने जनसंपर्क दौरे के अंतर्गत ग्राम खपरी (मेढ़), रसेड़ी, रसेड़ा, बेमेतरा, खैरी (बेमेतरा) एवं अचानकपुर के विभिन्न चौक-स्थलों पर पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की तथा उनकी समस्याओं और स्थानीय आवश्यकताओं की जानकारी ली। दौरे के दौरान उन्होंने ग्राम खपरी के रामगुड़ी चौक एवं बजरंग चौक, ग्राम रसेड़ी के शिव मंदिर चौक, ग्राम रसेड़ा के महामाया चौक, गौठान चौक, रावणभाठा, गोवर्धन चौक, गुड़ी चौक एवं बाजार चौक में ग्रामीणों से संवाद किया।
इसी क्रम में ग्राम बेमेतरा के दुर्गा चौक एवं गौरा चौक, ग्राम खैरी के दुर्गा चौक एवं ⏭ शेष पेज 12 पर

बेटी के इलाज के लिए रखे 50 हजार की झपटमारी, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बेटी की डिलीवरी और इलाज के लिए जुटाकर रखे 50 हजार रुपये की झपटमारी के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटना रायपुर रोड स्थित शराब भट्टी के पास की है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से खर्च के बाद बची लूटी गई रकम बरामद की है। दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

पुलिस के अनुसार, प्रार्थी 10 अक्टूबर को अपनी बेटी की डिलीवरी और उपचार के लिए निजी अस्पताल में मौजूद था। 13 अक्टूबर को सुबह करीब



11 बजे वह अपने रिश्तेदार पीलाराम ध्रुव के साथ रायपुर रोड शराब भट्टी के पास गया था। इसी दौरान दो आरोपियों ने उसके हाथ से 50 हजार रुपये झपट लिए। विरोध करने पर दूसरे आरोपी ने पीछे से उस पर वार किया। इसके बाद दोनों बाइक से फरार हो गए।

बीएनएस की धाराओं में कार्रवाई

पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 304(2) एवं 3(5) के तहत कार्रवाई की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान दीपक सोनवानी (26) निवासी पहंदा रोड, भैंसापसरा, बलौदाबाजार और अमित डहरिया (22) निवासी दशरमा रोड, बलौदाबाजार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, प्रकरण में आगे की विवेचना जारी है।

लाखों की लागत से लगी सोलर स्ट्रीट लाइट बंद

बलौदाबाजार। रिसदा बाईपास चौक पर सोलर स्ट्रीट लाइट बंद होने और भारी वाहनों की बेतरतीब पार्किंग के कारण सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, करीब सात महीने पहले लाखों रुपये की लागत से चौक को रोशन करने के लिए सोलर लाइटें लगाई गई थीं, लेकिन वर्तमान में इनके बंद रहने से रात के समय पूरा चौक अंधेरे में डूबा रहता है। 0सड़क किनारे खड़े रहते हैं भारी वाहन स्थानीय निवासियों और राहगीरों के मुताबिक, चौक के आसपास भारी वाहन और ट्रेलर बेतरतीब तरीके से खड़े कर दिए जाते हैं। इससे सड़क पर आवागमन के लिए जगह कम हो जाती है। वहीं, अंधेरे के कारण सड़क किनारे खड़े वाहन दूर से दिखाई नहीं देते, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बाईपास मार्ग होने के कारण यहां दिन-रात भारी और तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही बनी रहती है।

मीना बाजार में चाकू लहराकर श्रद्धालुओं को धमकाने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

नवरात्रि मेले के दौरान दुर्गा पंडाल और मीना बाजार में चाकू लहराकर श्रद्धालुओं को डराने-धमकाने के आरोप में सुहेला पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से स्टीलनुमा बटनदार चाकू जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 13 अक्टूबर की रात करीब 11:05 बजे ग्राम सुहेला स्थित दुर्गा पंडाल एवं मीना बाजार परिसर में पुलिस टीम सुरक्षा व्यवस्था और पेट्रोलिंग कर



रही थी। इसी दौरान दुर्गा पंडाल के बाईं ओर होटल एवं मिठाई दुकानों के पीछे एक युवक हाथ में चाकू लहराकर मेले में आए श्रद्धालुओं को डरा-धमका रहा था। मौके पर तैनात पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए युवक को पकड़ लिया। उसकी पहचान प्रेमलाल वर्मा (21) पिता चंदूलाल वर्मा, निवासी ग्राम देवरी, थाना भाटापारा ग्रामीण के रूप में हुई है।पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना सुहेला में अपराध क्रमांक 191/2026 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 25 एवं 27 में मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी को 14 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की कार्रवाई की गई।

पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में नवरात्रि पर्व और मेलों के दौरान शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है।

अधूरा मुक्तिधाम जल्द होगा शुरू प्रशासन ने दिखाई सख्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले में ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत अधोसंरचना सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण एवं आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के प्रति जिला प्रशासन पूरी संवेदनशीलता एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। जनपद पंचायत पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत ठेलकी में निर्माणाधीन मुक्तिधाम को पुनः प्रारम्भ कराते हुए शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये हैं।

जिला प्रशासन द्वारा संबंधित जनपद पंचायत एवं निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि मुक्तिधाम के शेष निर्माण कार्यों को 5 दिवस में प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया



जाए, ताकि ग्रामवासियों को अंतिम संस्कार के दौरान किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि ग्रामीण क्षेत्रों में मुक्तिधाम जैसी आवश्यक सार्वजनिक सुविधाओं का विकास केवल अधोसंरचना निर्माण का विषय नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक गरिमा एवं नागरिक सुविधाओं से सीधे जुड़ा महत्वपूर्ण दायित्व है। ऐसे कार्यों के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब स ⏭ शेष पेज 12 पर

नवागांव से बेलदार शिवनी तक चला अभियान

जनचौपाल में समस्याओं के निराकरण की पहल, पीएम आवास की चाबियां सौंपीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल के नेतृत्व में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-05 में जनचौपाल एवं जनसमस्या निवारण अभियान का चौथा दिन जनसहभागिता के साथ संपन्न हुआ। अभियान के तहत नवागांव, बुडेनी, भड़हा, बुड़गहन, बेलटुकरी होते हुए बेलदार शिवनी में जनचौपाल लगाई गई। ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं और



शासकीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

ग्राम बेलदार शिवनी में एक बुजुर्ग महिला ने पुत्र के निधन के बाद फौती नामांतरण में आ रही परेशानी बताई। इस पर नवीन अग्रवाल ने संबंधित अधिकारियों को मामले से अवगत कराते हुए नियमानुसार शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं लकवा से ग्रसित जरूरतमंद व्यक्ति को उपचार सहायता तथा समाज कल्याण विभाग के माध्यम से ट्राइसाइकिल और अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध कराने की पहल की गई।

अभियान के दौरान बुडेनी, भड़हा, बुड़गहन और बेलटुकरी में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र एवं आवास की ⏭ शेष पेज 12 पर

जान से मारने की धमकी पिता - पुत्र गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

घर में घुसकर मारपीट करने, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने पिता-पुत्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडा भी जब्त किया है। दोनों आरोपियों को 15 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया की जा रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, प्रार्थिया ने 5 अक्टूबर 2026 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 4 अक्टूबर को दोपहर करीब 2 बजे वह अपने घर पर थी। इसी दौरान राजकुमार सिंगारे और उसका



बेटा भगवती सिंगारे घर के पास पहुंचे और सामाजिक बर्तन की बात को लेकर गाली-गलौज करने लगे। प्रार्थिया द्वारा मना करने पर राजकुमार ने उसके बाएं कंधे पर मुक्के से वार किया, जबकि भगवती ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और डंडे से मारपीट की। घटना में प्रार्थिया के बाएं कंधे और हाथ में चोटें आईं। आरोपियों पर घर के अंदर घुसकर मारपीट करने का भी आरोप है।प्रार्थिया ⏭ शेष पेज 12 पर

खबर संक्षेप

कराटे में प्रतिभागियों को मिले मेडल

महासमुंद। भिलाई में आयोजित इंडो-नेपाल इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप 2026 में वेडनर मेमोरियल हॉयर सेकेंडरी स्कूल के होनहार छात्रों ने इस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल प्राप्त किए। शाला में प्राचार्य द्वारा उन्हें मेडल देकर पुरस्कृत एवं सम्मानित किया गया। जिसमें उत्कर्ष उपाध्याय को गोल्ड मेडल आयान एवं धैर्य को सिल्वर मेडल एवं अरनव रंजन सिन्हा को ब्रॉन्ज मेडल दिया गया। उनकी इस सफलता पर शाला के प्राचार्य रेव्ह. फादर थैनीस राज सहित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने हर्ष जताया है।

चाकू की नोक पर स्कूली छात्र से लूट, सुनसान रास्तों पर गश्त बढ़ाने की मांग

महासमुंद। सुनसान रास्ते पर दिन दहाड़े चाकू की नोंक पर स्कूली छात्र से लूटपाट का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार शिशु संस्कार केंद्र में अध्ययनरत नवमी का छात्र झालखम्हरिया से महासमुंद बस स्टॉप पर बस से उतरकर दोपहर 12 बजे नकुल ढीढी गार्डन के पीछे वाले रास्ते से पैदल स्कूल जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में एक अज्ञात ने उसे रोका और चाकू की नोक पर जान से मारने की धमकी देते हुए उसकी जेब से 200 रुपए छीने और फरार हो गया। शाला के अन्य छात्रों के बताए अनुसार यह पहली बार नही है।

पेज 11 के शेष

डीएनए टेस्ट से...

हेमंत पटेल थाना प्रभारी, निरीक्षक प्रणाली वैद्य प्रभारी, उनि जगदेव साहू, सउनि नवीन शुक्ला प्रभारी पुलिस सहायता केंद्र निपनिया, प्रआर नवीन कुर्रे, आरक्षक हरिश चंद्रवंशी, आरक्षक विजय ठाकुर, आरक्षक श्रीचंद्र ध्रुव, आरक्षक गौरी शंकर कश्यप, आरक्षक सीताराम ध्रुव, आरक्षक दुर्गेश साहू।

खड़ी ट्रक में...

कड़ाई से पालन करें एवं हेलमेट लगाकर ही वाहन चलाएं। बता दें कि घोटिया मोड़ ब्लैक स्पॉट है, यहां अक्सर लापरवाही करने पर हादसा होता है, जिसे ठीक करने के लिए ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करना जरूरी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जिला पंचायत अध्यक...

सरस्वती चौक तथा ग्राम अचानकपुर के जय स्तंभ चौक, पैकरा भवन एवं महादेव चौक में पहुंचकर क्षेत्रवासियों से सौजन्य मुलाकात की।इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी स्थानीय समस्याओं एवं आवश्यकताओं से अवगत कराया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्रामीणों की बातों को सुना और क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

अधूरा मुक्तिधाम ...

वीकार्य नहीं होगा। जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि ग्राम पंचायत ठेलकी के मुक्तिधाम का निर्माण प्राथमिकता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराया जाएगा, जिससे ग्रामवासियों को सम्मानजनक एवं सुविधाजनक अंतिम संस्कार स्थल उपलब्ध हो सकेगा।

जनचौपाल में ...

चाबियां सौंपी गईं। अभियान में जिला पंचायत सभापति गुरु सौरभ साहेब भी शामिल हुए। बेलदार शिवनी में सतनाम सेना अध्यक्ष पप्पू पुरैना के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष रश्मि वर्मा सहित जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

जान से मारने ...

की शिकायत पर सिटी कोतवाली में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 296, 115(2), 351(2) एवं 333(3)(5) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच और गवाहों के बयान के आधार पर पुलिस ने दोनों आरोपियों की संलिप्तता पाए जाने पर उन्हें हिरासत में लिया। पुलिस के अनुसार, भगवती सिंगारे के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडा जब्त किया गया।

अंचल में नवरात्रि की धूम...


गोवर्धन चौक सिमगा।


भैरवानंद दुर्गोत्सव समिति सिमगा।


नगर पंचायत रोहांसी के वार्ड नं 9 बाल गंगाधर तिलक वार्ड में विराजमान माता


ग्राम पंचायत छड़िया के भाटापारा चौक में विराजमान है माता दुर्गा।

शारदीय नवरात्रि : जसगीतों की थाप और महाआरती से भक्तिमय हुआ शहर

देवी पंडालों में उमड़ रहा भक्तों का सैलाब









हरिभूमि न्यूज ⏭ लवन

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर इस साल 14 जगहों में माता रानी की स्थापना की गई है। वहीं नवरात्रि के चलते लवन नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक उत्साह और आस्था का माहौल बना हुआ है। नगर के विभिन्न वार्डों और प्रमुख स्थानों पर श्रद्धालुओं द्वारा आकर्षक पंडाल सजाकर मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई है। सुबह से लेकर देर रात तक माता के दरबार में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है।

नवरात्रि के अवसर पर जगह-जगह बनाए गए पंडालों को रंग-बिरंगी रोशनी, आकर्षक सजावट और फूल-मालाओं से सजाया गया है। शाम होते ही पंडालों में होने वाली आरती और धार्मिक आयोजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे माता के दर्शन करने पहुंच रहे हैं।

नवरात्रि के दौरान विभिन्न दुर्गा पंडालों में प्रतिदिन सुबह विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जा रही है। श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना करने के साथ सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना कर रहे हैं।

जगह-जगह पंडालों में विराज रही माता की प्रतिमाएं:कन्या पूजन, भजन-कीर्तन और अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जा रहा है। शाम के समय विशेष आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। आरती के दौरान गूंजते जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आता है। माता के जयकारों और भक्ति गीतों से नगर की गलियां देर रात तक गूंज रही हैं।





लवन में विभिन्न समितियों द्वारा तैयार किए गए दुर्गा पंडाल इस बार श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। कहीं भव्य सजावट की गई है तो कहीं आकर्षक विद्युत साज-सज्जा के माध्यम पंडाल को नया स्वरूप दिया गया है ।

श्रद्धालु परिवार सहित पंडालों में पहुंचकर माता के दर्शन कर रहे हैं और धार्मिक आयोजनों में हिस्सा ले रहे हैं। नवरात्रि के चलते बाजारों में भी चहल-पहल बढ़ गई है। पूजा सामग्री, फूल-माला, प्रसाद, फल और अन्य धार्मिक सामग्री की दुकानों पर लोगों की भीड़ दिखाई दे रही है। शाम के समय बाजार और प्रमुख मार्गों पर भी लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है।

समितियों के स्वयंसेवक श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं।

शारदीय नवरात्रि केवल धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक एकजुटता का भी प्रतीक है। दुर्गा पंडालों के माध्यम से अलग-अलग समितियां और स्थानीय नागरिक मिलकर आयोजन कर रहे हैं। रात के समय पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ और आकर्षक रोशनी से पूरा नगर नवरात्रि के रंग में रंगा नजर आ रहा है। जैसे-जैसे नवरात्रि का पर्व आगे बढ़ रहा है, वैसे-वैसे माता के दरबार में श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ती जा रही है।





गरबा महोत्सव का आयोजन

भाटापारा। कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट, देवरी रोड, भाटापारा में नवरात्रि के पावन अवसर पर गरबा महोत्सव का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था के संचालक मनीष शुक्ला राम नारायण शिक्षण संस्थान की सचिव अंजलि शुक्ला, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. वंदना चौहान की उपस्थिति में समस्त सहायक प्राध्यापकगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राओं द्वारा माँ अम्बे की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ किया गया। आरती के पश्चात महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-धज कर गरबा की मनमोहक प्रस्तुति दी। गरबा की मधुर धुनों और माता रानी के भक्ति-भरे भजनों से पूरा महाविद्यालय परिसर भक्तिमय हो गया।इस कार्यक्रम में गरबा के संपूर्ण अभ्यास में महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापिका सुषमा दुबे का विशेष योगदान रहा। प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्रि के पावन अवसर पर गरबा का यह पावन कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। माता रानी के गर्भ-दीप के चारों ओर घूम-घूम कर नृत्य करने से यह संदेश मिलता है कि माँ अम्बे ही सृष्टि के केंद्र में हैं और यह नृत्य एकता, शक्ति और भक्ति के संगम का प्रतीक है।



पंडालों में जस गीतों की गूंज

सिमगा । नगर सहित अंचल भर में शारदीय नवरात्रि पर्व धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। देवी मंदिरों एवं विभिन्न दुर्गा पंडालों में सुबह से देर रात तक भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। नगर के प्रमुख मां महामाया मंदिर, मां शीतला मंदिर, एवं प्राचीन मां कंकालीन मंदिर में विशेष साज सज्जा की गई है। आकर्षक विद्युत झालरों और फूलों से मंदिर परिसर को सजाया गया है। प्रतिदिन सुबह व शाम की महाआरती में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। वहीं जगह-जगह स्थापित दुर्गा पंडालों में माता के भव्य दरबार सजाए गए हैं। महिला मंडलियों और जस गायकों द्वारा प्रस्तुत जस गीतों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है। मांदर, ढोलक, मंजीरा के साथ हारमोनियम की थाप पर मैया के जसगीत सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो रहे हैं । देवी मंदिरों में अखंड ज्योति कलश भी स्थापित किए गए हैं। व्रतधारी श्रद्धालु नियम संयम के साथ माता की आराधना कर रहे हैं। मंदिरों एवं दुर्गा पांडालों में आज पंचमी पर विशेष पूजा की गयी।



दुर्गा पंडाल में रानी सती दादी माँ का मंगल पाठ

खरोरा। अग्रवाल महिला मंडल, खरोरा द्वारा दुर्गा पंडाल में रानी सती दादी माँ के मंगल पाठ का भव्य आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में नगर के बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मंगल पाठ में महिलाओं सहित सभी श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी श्रद्धा एवं भक्ति प्रकट की। कार्यक्रम में खरोरा नगर के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल के नेतृत्व में महिला मंडल की पूरी टीम ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी महिलाओं के सहयोग और सहभागिता से मंगल पाठ का आयोजन भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अग्रवाल महिला मंडल, खरोरा की अध्यक्ष कृष्णा अग्रवाल ने कहा कि रानी सती दादी माँ के मंगल पाठ से भक्तों को सुख-समृद्धि एवं मन की शांति प्राप्त होती है। ऐसी धार्मिक आयोजनों से सभी की मनोकामनाएं पूर्ण होने की कामना की जाती है तथा गाँव, नगर और शहर की उन्नति एवं खुशहाली के लिए प्रार्थना की जाती है। मंगल पाठ के दौरान पूरा दुर्गा पंडाल भक्तिमय माहौल से सराबोर रहा। आयोजन में नगर की महिलाओं एवं श्रद्धालुओं की सक्रिय सहभागिता रही।



प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 से साकार होगा पक्के घर का सपना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के तहत नगर पंचायत कसडोल को लगातार आवास निर्माण की स्वीकृति मिल रही है। इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 14 में छह पात्र हितग्राहियों के आवास निर्माण को पुनः स्वीकृति मिली है। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष एवं मंडल अध्यक्ष डॉ सुदीप मानिकपुरी द्वारा सभी स्वीकृत हितग्राहियों को भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना का उद्देश्य पात्र गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को पक्के मकान की सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि प्रत्येक परिवार सुरक्षित छत के साथ सम्मानजनक जीवन जी सके। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार का संकल्प है कि कोई भी पात्र परिवार पक्के आवास से वंचित न रहे। इसी संकल्प के साथ देश विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ रहा है। डॉ सुदीप मानिकपुरी ने बताया की वार्ड क्रमांक 14 में आवास निर्माण की स्वीकृति मिलने से संबंधित हितग्राहियों में खुशी का माहौल है। भवन अनुज्ञा प्रमाण पत्र मिलने के बाद अब उनके अपने घर के सपने को पूरा करने का रास्ता और आसान हुआ है। उम्मीद है कि जल्द ही इन परिवारों के सपनों का आशियाना तैयार होगा और उनके जीवन में सुख, समृद्धि एवं खुशियों का नया अध्याय शुरू होगा।





इन छह हितग्राहियों को मिली स्वीकृति

प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 निवासी शीला राव शीतला चौक, जमुना राव शीतला चौक, मनोज साहू बैगा पारा, नितेश ठाकुर बजरंग चौक, मुकेश राव बजरंग चौक, ईश्वर साहू बजरंग चौक हितग्राहियों के आवास निर्माण को स्वीकृति मिली है। इन सभी छह हितग्राहियों को आवास निर्माण की स्वीकृति मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। यह पहल जरूरतमंद परिवारों को अपना पक्का घर उपलब्ध कराने तथा उनके जीवन में स्थायित्व और खुशहाली लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

खबर संक्षेप



विद्युत पोल व हैंडपंप लगने से समस्या से मिलेगी निजात

पलारी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 25 वर्ष सेवा समर्पण संकल्प सुशासन अभियान के तहत ग्राम पंचायत छेरकापुर में आयोजित शिविर, सेवा समर्पण संकल्प सुशासन अभियान में आवेदन दिया गया था। जिसमें ग्राम पंचायत बिनौरी में वार्ड क्रमांक 2 में बोरिंग एवं विधुत विभाग से 3 खंभे के लिए आवेदन पत्र सौंपा गया था। जिससे गांव में पेयजल व्यवस्था और विद्युत आपूर्ति सूचरु रूप से चलता रहे। शासन ने जनता की आवेदन पर त्वरित कार्यवाही करते हुए ग्राम पंचायत बिनौरी में 3 नग खंभे और 1 नया हैंड पंप लगाया गया। इस पर ग्रामवासियों ने छत्तीसगढ़ सरकार विष्णु देव साय का आभार प्रकट किया है। इस अवसर पर सरपंच किरण साहू एवं पूर्व युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पलारी एवं सरपंच प्रतिनिधि सनकुमार साहू, डॉ. जितेन्द्र कुमार साहू, मनोज वर्मा, पुनीराम यादव, दानेश ठाकुर, जनक वर्मा, ठाकुर राम वर्मा, जोहान वर्मा, भगत साय, उदे निराला, मिलाऊं राम वर्मा, चंद्रशेखर माण्डले, भागीरथी साय, करोली निराला, पनारू यादव आदि उपस्थित थे।

एसबीआई आरसेटी में 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण




बलौदाबाजार। भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बलौदाबाजार में आयोजित 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन गुरुवार को असेसमेंट एवं समापन समारोह के साथ संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 34 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रशिक्षार्थियों का असेसमेंट छत्तीसगढ़ राज्य असेसर अरुण कुमार सोनी के मार्गदर्शन में किया गया। असेसमेंट टीम में ईडीपी असेसर जय बसुवाराज एवं डोमेन असेसर चूड़ामणि सोनी शामिल रहे। इस दौरान प्रशिक्षार्थियों के प्रशिक्षण से संबंधित ज्ञान, कौशल एवं मशरूम उत्पादन की व्यावहारिक जानकारी का मूल्यांकन किया गया। समापन समारोह में अग्रणी जिला प्रबंधक शिवकुमार कंवर ने प्रशिक्षार्थियों को मार्गदर्शन प्रदान करते हुए मशरूम उत्पादन को स्वरोजगार एवं आय बढ़ाने का एक बेहतर माध्यम बताया। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान का उपयोग कर स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने तथा आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षार्थियों को केवरा डनसेना द्वारा मशरूम उत्पादन की विभिन्न तकनीकों, उत्पादन प्रक्रिया एवं व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी प्रदान की गई।उत्पादन के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें उद्यमिता के माध्यम से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है।

निधन

अर्जुन केवट

मुंडा। ग्राम बाजार भाठा निवासी सबसे मिलन अनुसार वर्तमान सेल्समैन अर्जुन केवट 30 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। वे पिंकी केवट के पति नव्या, नैना, दिवति के पिताजी, गुड्डू भीम के मझिला भाई थे। उनकी अंतिम संस्कार नदी खंड मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें सम्मिलित रविनारायण वर्मा, चक्र सुदर्शन वर्मा, तुलाराम वर्मा, गणेश केवट, योगेश भारद्वाज, ओम हरि वर्मा, सूमेर वर्मा, हरण वर्मा, बूधारू पटेल, सुनीप राम साहू, सुनील सहित ग्रामवासी सम्मिलित रहे।



एड्स जागरूकता शिविर, 93 से अधिक लोगों की हुई स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

सुरक्षित व्यवहार और नियमित जांच के प्रति ट्रक चालकों व कर्मचारियों को किया जागरूक

श्री सीमेंट लिमिटेड, खपराडीह में ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेंटर, श्री फाउंडेशन ट्रस्ट, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) तथा जिला स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एचआईवी/एड्स जागरूकता, स्वास्थ्य जांच एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 93 से अधिक ट्रक चालकों एवं कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें सुरक्षित व्यवहार और नियमित जांच के प्रति जागरूक किया गया।

शिविर में रक्तचाप, रक्त शर्करा, एक्स-रे, एचआईवी, टीबी, सिफलिस, हेपेटाइटिस-बी और आंखों की जांच की गई। साथ ही एचआईवी/एड्स के संक्रमण के कारणों, बचाव के उपायों तथा समय पर जांच और उपचार के महत्व की जानकारी दी गई।श्री सीमेंट के चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग के लिए आभार जताया।

मानव संसाधन प्रबंधन प्रमुख देवेंद्र सिंह ने कर्मचारियों से नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की अपील की। वहीं, पावर प्लांट प्रमुख अशोक कुमार चौधरी ने कहा कि घर से दूर रहकर काम करने वाले ट्रक चालकों और कर्मचारियों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण है।



जागरूकता से ही बचाव संभव

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश अवस्थी ने कहा कि एचआईवी/एड्स से बचाव के लिए सही जानकारी, सुरक्षित व्यवहार और समय पर जांच जरूरी है। उन्होंने लोगों से भ्रांतियों से दूर रहने तथा आवश्यकता पड़ने पर जांच और उपचार की सुविधा लेने की अपील की।कार्यक्रम में बलौदाबाजार, सिमगा और सुहेला स्वास्थ्य विभाग की टीम, ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेंटर के चिकित्सकों तथा फाउंडेशन ट्रस्ट के प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहयोग दिया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर द्वारा स्कूलों में लग रहे विशेष शिविर

युवाओं और छात्रों को दी जा रही साइबर सुरक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा विधिक जागरूकता शिविर के माध्यम से साइबर अपराध से सुरक्षा व बचाव पर विशेष शिविर के माध्यम से एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है ।

इस अभियान के माध्यम से शैक्षणिक संस्थानों, युवाओं तथा आमजनों को जागरूक किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अधिकार मित्र, शंकर लाल साहू, टोपेन्द्र वर्मा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहरेंगा, पीएम श्री में भरत देवांगन उत्कृष्ट हिन्दी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय खरोरा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंगोली, कचना, शासकीय हाई स्कूल भड़हा तथा अन्य जगहों पर विशेष विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर के माध्यम से जानकारी दी गई कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराध के मामले तेजी से बढ़ रहा है। कम्प्यूटर, इंटरनेट व डिजिटल नेटवर्क के माध्यम से जो गतिविधियां संचालित हो रही है,इन परिस्थितियों में मोबाइल, इंटरनेट और सोशल मीडिया का सावधानी पूर्वक उपयोग आवश्यक हो गया है। किसी भी अनजान लिंक, संदिग्ध वेबसाइट फाइल के लिंक पर क्लिक न करें, अज्ञात स्रोतों से प्राप्त एप्लीकेशन डाउनलोड अथवा इंस्टॉल नहीं करना चाहिए। किसी भी अनजान व्यक्ति को अपनी निजी जानकारी न दें, बैंक संबंधी जानकारी, पिन नंबर, आधार नंबर आदि किसी भी व्यक्ति से साझा न करें।

शिविर में सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग पर जोर देते हुए बताया गया कि किसी भी प्रकार का अश्लील फोटो, विडियो, अपने मोबाइल पर रखना, बिना अनुमति शेयर करना, प्रसारित करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है।

साइबर अपराधियों द्वारा वित्तीय ठगी करने के लिए, वाट्सअप के माध्यम से पुलिस अधिकारी,सी बी आई अफसर बनकर सम्पर्क कर डर -भय, लालच, भावनाओं का सहारा लेकर, डिजिटल अरेस्ट कर ठगी को अंजाम देते हैं। ठगी की शिकार होने की स्थिति में तत्काल साइबर सेल हेल्पलाइन नंबर 1930, पर शिकायत दर्ज करायें, अपने बैंक को सूचना दें, सतर्क व जागरूक रहें।

युवा संसद प्रतियोगिता में सेजेस अर्जुनी ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

विकासखंड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन बलौदाबाजार में किया गया। कार्यक्रम में बीईओ राजेन्द्र टंडन, बीआरसीसी गोपाल वर्मा एवं प्राचार्य ऋतु शुक्ला अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में पांच विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें सेजेस अर्जुनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने स्पीकर, सत्ता पक्ष एवं विपक्ष की भूमिका निभाते हुए संसदीय कार्यप्रणाली का प्रभावी प्रदर्शन किया। स्पीकर ने सदन का संचालन करते हुए अनुशासन बनाए रखने की भूमिका निभाई, वहीं सत्ता पक्ष ने सरकार की नीतियों एवं योजनाओं का पक्ष रखा। विपक्ष ने जनहित से जुड़े मुद्दों पर प्रश्न उठाए और सरकार से जवाब मांगे। विद्यार्थियों ने प्रश्नकाल एवं सदन में चर्चा की प्रक्रिया का भी जीवंत प्रस्तुतिकरण किया।प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों को संसदीय लोकतंत्र एवं संवैधानिक व्यवस्था से परिचित कराना तथा उनमें नेतृत्व क्षमता, तार्किक चिंतन, संवाद कौशल और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास करना था। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को संसदीय परंपराओं और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर मिला।

कार्यक्रम में रामरतन कंवर, मुन्ना मनहरे, शिवलाल पैकरा, सुरेंद्र बंजारे, तोताराम खूंटे, अमित अवस्थी, राम कुमार यादव एवं फाग राम डहरिया सहित बड़ी संख्या में शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

'शिक्षा सृजन' के प्रथम अंक का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में शैक्षिक ई-पत्रिका 'शिक्षा सृजन' के प्रथम अंक का विमोचन बीईओ राजेन्द्र टंडन, बीआरसीसी गोपाल वर्मा एवं प्राचार्य ऋतू शुक्ला ने किया। संकुल समन्वयक अमित अवस्थी की परिकल्पना एवं संकलन से तैयार इस ई-पत्रिका में संकुल केंद्र भरसेला की शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षकों के नवाचारों, विद्यार्थियों की उपलब्धियों और रचनात्मक प्रयासों को प्रमुखता से शामिल किया गया है।

इस अवसर पर बीईओ राजेन्द्र टंडन एवं बीआरसीसी गोपाल वर्मा ने पहल की सराहना करते हुए कहा कि ई-पत्रिका विद्यालयों में हो रहे उत्कृष्ट कार्यों और नवाचारों को

मुख्यमंत्री ने सिमगा एसडीएम कार्यालय पहुंचकर की 45 मिनट वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज गुरुवार को अपने बिलासपुर प्रवास के दौरान अचानक 11.30 बजे सिमगा के एसडीएम कार्यालय पहुंचे। मुख्यमंत्री के अचानक पहुंचने से अधिकारीयों के साथ स्थानीय भाजपा नेताओं और नागरिकों में हलचल बढ़ गई। सीएम साय एसडीएम कार्यालय में लगभग एक घंटे तक रुके। इस दौरान उन्होंने 45 मिनट तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के साथ महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लिया। उनके साथ पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव सहित प्रशासनिक अधिकारी महत्वपूर्ण वीडियो कॉन्फ्रेंस में हुए। इस दौरान एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ समेत अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। सीएम के सिमगा पहुंचने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में भाजपाई व नागरिक एसडीएम कार्यालय पहुंचने लगे तथा मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान अधिवक्ता संघ ने सीएम साय से सिमगा में एडीजे कोर्ट खोलने की मांग की।

शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने डीईओ से टीचर्स एसोसिएशन ने की चर्चा



पलारी। छत्तीसगढ़ी टीचर्स एसोसिएशन जिला बलौदा बाजार द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी एस के गेंदले से सौजन्य मुलाकात कर पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। स्कूल शिक्षा विभाग की योजनाओं के क्रियान्वयन में शिक्षको की सहभागिता शिक्षा गुणवत्ता पर संघ के पदाधिकारियों द्वारा कार्य करने की बात कही बलौदाबाजार जिला को शिक्षा गुणवत्ता में सुधार कर छत्तीसगढ़ में टाप टेन जिला में स्थान लाने पर भी चर्चा हुई, नवपदस्थ जिला शिक्षा अधिकारी का स्वागत करते समय प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष देवेश वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष तोमर डोंडे, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ कोमल वैष्णव, जिला उपाध्यक्ष मोहन लाल टंडन, जिला महामंत्री नागेश्वर पटेल, जिला सचिव चुडामणी साहू, जिला कोषाध्यक्ष हेमकुमार निराला, संयोजक खेलावन घृतलहरे, महासचिव तेज कुमार वैष्णव, जिला सहसचिव जितेश बघेल, हेमंत साहू महेंद्र वैष्णव, नंद मल्होत्रा, महेन्द्र साहू, दिनेश सेन आदि उपस्थित थे।

पेंशनरों ने तीन साल के लिए खुमान सिंह को चुना अध्यक्ष



अर्जुनी। गायत्री मंदिर परिसर, भाटापारा में पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़, तहसील शाखा भाटापारा का सम्मेलन हुआ। उद्देश्य नए पदाधिकारियों का चयन रहा। संगठन में पदाधिकारियों का चयन तीन साल के लिए होता है। चुनाव सर्वसम्मति से कराया जाता है। संगठन ने भंवर सिंह साहू को चुनाव अधिकारी बनाया।तुलसी राम साहू को उप-चुनाव अधिकारी मनोनीत किया। चुनाव अधिकारी ने अध्यक्ष पद के लिए नाम मांगे। खुमान सिंह वर्मा ने दावेदारी पेश की। किसी और ने नाम नहीं दिया। मुख्य चुनाव अधिकारी भंवर सिंह साहू ने खुमान सिंह वर्मा को अध्यक्ष घोषित किया। इसके बाद नए अध्यक्ष से कार्यकारिणी घोषित करने को कहा गया। खुमान सिंह वर्मा ने मंच से नई कार्यकारिणी की घोषणा की। अध्यक्ष खुमान सिंह वर्मा चुने गए। संरक्षक भंवर सिंह साहू, बाबूलाल साव बने। संयोजक शिवलाल यादव रहे। सह संयोजक जयलाल कश्यप रहे। उपाध्यक्ष भागवत प्रसाद देवदास बने। महिला उपाध्यक्ष उमा शुक्ला, किरण यादव रहीं। सचिव यू. आर. साहू बने। सह सचिव रविशंकर यादव रहे। कोषाध्यक्ष दया शंकर निषाद बने। उप-कोषाध्यक्ष एम. आर. निषाद रहे। संगठन सचिव यू. आर. वर्मा, शम्भू नाथ क्षत्रिय बनाए गए। प्रचार-प्रसार मंत्री राधा बाई साहू, भागीरथी वर्मा बनीं।

पूर्व पार्षद रामलाल साहू व उनकी पत्नी ने लिया देहदान का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव



मृत्यु के बाद भी मानवता की सेवा करने की भावना के साथ भटगांव के पूर्व पार्षद एवं समाजसेवी रामलाल साहू और उनकी पत्नी ने देहदान का संकल्प लिया है। दंपती ने सेवा संकल्प अभियान के तहत सारंगढ़ स्थित जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मृत्यु के बाद अपना शरीर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए दान करने की इच्छा जताई। उनके इस निर्णय की नगर में सराहना हो रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिला प्रशासन के समक्ष घोषणा के बाद देहदान संबंधी आवश्यक प्रपत्र भरने की प्रक्रिया पूरी की गई। दंपती का उद्देश्य है कि मृत्यु के बाद उनका शरीर मेडिकल विद्यार्थियों के अध्ययन और चिकित्सा अनुसंधान में उपयोगी हो सके। उनका यह कदम समाज में देहदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

रामलाल साहू ने कहा कि वे चाहते हैं कि उनके जाने के बाद भी उनका शरीर समाज के काम आए। चिकित्सा विद्यार्थियों को मानव शरीर की संरचना का अध्ययन करने में देहदान महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

साहसिक पहल के लिए किया सम्मान

रामलाल साहू और उनकी पत्नी के संकल्प पर नगर साहू समाज भटगांव ने सम्मान समारोह आयोजित किया। इस दौरान समाज के अध्यक्ष भागवत साहू, पूर्व अध्यक्ष छेदीलाल साहू, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य कामता प्रसाद साहू सहित समाज के वरिष्ठजन एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। समाज की ओर से दंपती को भक्त माता कर्मा एवं भगवान श्रीकृष्ण के प्रतीक चिह्न, श्रीफल और शाल भेंटकर सम्मानित किया गया।

सरपंच पर वीएचपी के नाम पर अवैध वसूली का आरोप, थाने में शिकायत दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा



खरोरा थाना अंतर्गत ग्राम असौंदा के सरपंच द्वारा गांव के ही विश्व हिंदू परिषद के नेता पर डरा धमका कर अवैध वसुली करने का मामला सामने आया है जिसे लेकर सरपंच ने लिखित सिकायत खरोरा थाने मे की है। प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत असौंदा के सरपंच जितेन्द्र चन्द्राकर खरोरा थाने में पहुंच कर गांव के ही रूपेश कुमार वर्मा पिता आशा राम वर्मा के खिलाफ पूर्व में अवैध मुरूम खुदाई के चलते आपसी रंजीश का हवाला देते विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल का नेता बताकर रोब दिखाते विडियों वायरल करने और मुझे और मेरे परिवार को बदनाम करने की बात कहते पैसे की मांग कर रहा है की लिखित आवेदन थाने में की। इस संबंध में जितेन्द्र चन्द्राकर से पूछे जाने पर बताया कि पूर्व में गांव के पूर्व पंच रूपेश वर्मा पंच रहते गांव में अवैध मुरूम खुदाई का काम करता था जिसे लेकर गांव में विरोध हुआ था। वहीं आज गांव में रियल्टी पटा नियमानुसार खुदाई हो रही। वहीं उक्त व्यक्ती द्वारा गांव विकास के लिये प्राप्त रियाल्टी से परेशान होकर दबाव व बल पूर्वक रूपेश द्वारा गांव में अन्य लोगों द्वारा अवैध रूप से मुरुम की खुदाई करने के खिलाफ कार्यवाई का विरोध करने लगा और मेरे खिलाफ विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल का रौब दिखाते विडीयो वायरल करने की धमकी देकर पैसे की मांग कर रहा है जिसकी लिखित आवेदन थाने में की है। वहीं इस संबंध में रूपेश वर्मा का कहना है कि मेरे ऊपर लगाया गया है।



खबर संक्षेप



कैशलेस चिकित्सा सुविधा शीघ्र लागू करने की मांग

बलौदाबाजार। छत्तीसगढ़ कैशलेस चिकित्सा सेवा कर्मचारी कल्याण संघ ने कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा शीघ्र लागू करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम जिला कलेक्टर कुलदीप शर्मा को ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर ने ज्ञापन को शीघ्र शासन तक पहुंचाने की बात कही। संघ के अनुसार, राज्य शासन ने बजट सत्र में प्रदेश के लगभग पांच लाख कर्मचारियों और उनके आश्रित परिजनों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की योजना की घोषणा की थी। इसके लिए बजट में वित्तीय प्रावधान भी किया गया था। इससे कर्मचारियों को गंभीर एवं जटिल बीमारियों के उपचार में स्वयं लाखों रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं।ज्ञापन सौंपने वालों में संघ के प्रदेश संयोजक रमेश कुमार नेगी, संतोष कुमार साहू, सतीश कुमार वर्मा, रूपनारायण साहू, राकेश देवांगन सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

आकांक्षा जायसवाल ने दुर्गा पंडालों में किए दर्शन

बलौदाबाजार। जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल ने नवरात्रि के अवसर पर ग्राम पंचायत डमरू, खर्चा और मेंढ़ पहुंचकर विभिन्न दुर्गा पंडालों में माता रानी के दर्शन किए और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने मां दुर्गा, मां सरस्वती और मां महामाया का आशीर्वाद लिया तथा ग्रामीणों से सौजन्य मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्राम पंचायत डमरू में आकांक्षा जायसवाल ने महामाया डमरू, रामसागर पारा, कुआं चौक, गुड़ी चौक, सिदार पारा, गांधी चौक गेदुर पारा, शीतला चौक, बाजार चौक, बस्ती महामाया, सुभाष चौक, दशहरा मैदान चौक, पानी टंकी चौक और गांधी सागर पारा सहित 13 स्थानों पर विराजित माता रानी के दर्शन किए। इसके बाद ग्राम खर्चा के महामाया चौक और बजरंग चौक स्थित दुर्गा पंडालों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। ग्राम पंचायत मेंढ़ में दैहान चौक, स्कूल चौक, गुर्गा चौक और जमुना चौक के दुर्गा एवं मां शारदा पंडालों में दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

शिक्षण गुणवत्ता सुधारने एफएलएन लक्ष्य पर जोर



खरोरा। संकुल केंद्र पचरी में शिक्षण गुणवत्ता में सुधार एवं शैक्षणिक गतिविधियों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संकुल प्राचार्य अशोक कुमार कोशले और संकुल समन्वयक कांत कुमार के नेतृत्व में प्रधान पाठकों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नियमित उपस्थिति और बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान (एफएलएन) के निर्धारित लक्ष्य हासिल करने पर जोर दिया गया। बैठक में सभी विद्यार्थियों को नियमित गृहकार्य एवं कक्षाकार्य देने, उनकी जांच करने तथा भाषा और गणितीय दक्षता बढ़ाने के लिए प्रतिदिन पहाड़ा वाचन कराने के निर्देश दिए गए। कमजोर विद्यार्थियों के लिए उपचारात्मक कक्षाएं संचालित करने और निर्धारित समय-सीमा में पाठ्यक्रम पूरा करने पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया। इसके अलावा आगामी तीन वर्षों की शाला विकास योजना तैयार करने, नए शैक्षणिक सत्र की कार्ययोजना बनाने, सभी विद्यार्थियों की अपार आईडी बनवाने तथा पात्र विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए। पुस्तकालय का नियमित उपयोग सुनिश्चित करने और सप्ताह में कम से कम तीन दिन विद्यार्थियों को पुस्तकें उपलब्ध कराने पर भी चर्चा हुई। वीएसके ऐप में प्रतिदिन जानकारी अद्यतन करने तथा विभागीय योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर बल दिया गया

पारंपरिक छप्परनुमा पंडाल बना आकर्षण का केंद्र



खरोरा। नवरात्रि के अवसर पर नगर पंचायत खरोरा के वार्ड क्रमांक 7 स्थित कृष्णा चौक की जय मां शेरावाली दुर्गोत्सव समिति का पंडाल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। समिति ने इस वर्ष प्राचीन छत्तीसगढ़ी जनजीवन और ग्रामीण परंपराओं पर आधारित झांकी तैयार की है, जिसे देखने नगर सहित आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पंडाल में छप्पर वाले पारंपरिक ग्रामीण घर का स्वरूप तैयार किया गया है। यहां माता दुर्गा अपने परिवार के साथ विराजमान हैं। झांकी में माता दुर्गा को सूपे से चावल साफ करते, भगवान शिव को रस्सी बटते तथा बाल रूप में भगवान गणेश और कार्तिकेय को खेलते हुए दर्शाया गया है। यह प्रस्तुति छत्तीसगढ़ की पुरानी जीवनशैली और घरेलू परंपराओं की याद दिलाती है।



सदस्यों की मेहनत से तैयार होता है पंडाल

समिति की विशेषता है कि पंडाल की रूपरेखा, सजावट और झांकी का निर्माण सदस्य स्वयं करते हैं। इसके लिए किसी बाहरी सजावट एजेंसी या किराये की सामग्री पर निर्भर नहीं रहते। सदस्य इसे माता रानी की सेवा, भक्ति और समर्पण का माध्यम मानते हैं। समिति हर वर्ष नई कल्पना के साथ पंडाल तैयार करती है। इस बार छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति पर आधारित झांकी के माध्यम से पुरानी परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संदेश दिया जा रहा है। आस्था और सांस्कृतिक विरासत का संगम बना यह पंडाल श्रद्धालुओं के बीच विशेष आकर्षण बना हुआ है।



बलौदाबाजार। कुआं चौक बगबुड़ा



महामाया चौक बगबुड़ा



महादेव चौक बगबुड़ा



महादेव चौक सोनारदेवरी देवरी में विराजमान माँ दुर्गा।

पर्व : मां अंबे की आराधना में झूमे श्रद्धालु, रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में उमड़ा जनसैलाब

गरबा की लय पर आस्था का वैभव, गरबा का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा





ढोल की थाप पर थिरकते कदम, संगीत की लय पर घूमते प्रतिभागी और पारंपरिक परिधानों की मनमोहक छटा। तिल्दा-नेवरा के दुर्गा बाड़ा मैदान में पांच दिवसीय गरबा महोत्सव का शुभारंभ भक्ति, उल्लास और उत्साह के बीच हुआ। सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा आयोजित इस महोत्सव के पहले ही दिन हजारों श्रद्धालु गरबा की रंगीन छटा देखने और मां अंबे की आराधना में शामिल होने पहुंचे।

महोत्सव की शुरुआत मां दुर्गा की आरती के साथ हुई। इसके बाद गरबा का पहला दौर शुरू होते ही पूरा मैदान संगीत की धुनों पर झूम उठा। 'हे मां शेरावाली, ऊंचे डेरों वाली' और 'राधा कैसे न जले' जैसे गीतों ने माहौल को भक्तिमय बना दिया। आयोजन में प्रतिभागियों ने नृत्य के माध्यम से भक्ति और भारतीय संस्कृति के विविध रंग प्रस्तुत किए। कोई राधा-कृष्ण के रूप में नजर आया, तो किसी ने पुष्पा शैली और पारंपरिक प्रस्तुतियों से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। कुछ प्रतिभागी श्रीनाथजी को सिर पर धारण किए तो कुछ अर्धनारीश्वर के स्वरूप में गरबा करते दिखाई दिए।

गरबा महोत्सव की खासियत केवल नृत्य तक सीमित नहीं रही। रंग-बिरंगी चनिया-चोली, कढ़ाईदार परिधान, पारंपरिक आभूषण और घूमते घाघरों ने आयोजन की रौनक बढ़ा दी। आकर्षक वेशभूषा में सजे प्रतिभागियों के बीच कदमों की लय, शारीरिक संतुलन और सामूहिक तालमेल का शानदार संगम देखने को मिला। कई प्रतिभागियों ने अपने परिधान और विशेष रूप-सज्जा की तैयारी एक-दो महीने पहले से ही शुरू कर दी थी।

सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति का यह गरबा महोत्सव नगरवासियों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहता है। हर वर्ष बड़ी संख्या में लोग इस आयोजन का इंतजार करते हैं।

इस बार भी पहले दिन से ही मैदान में उत्साह और आस्था का माहौल दिखाई दिया। अलग-अलग रूपों और रंगों में सजे प्रतिभागियों का एक साथ ताल मिलाकर गरबा करना आयोजन के सबसे आकर्षक दृश्यों में शामिल रहा।

बैठने के लिए 1500 लोगों की व्यवस्था: आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य आयुष कोटवानी और बबलू भागवानी ने बताया कि गरबा देखने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। घेरे सहित लगभग 1500 लोगों के एक साथ बैठकर गरबा देखने की व्यवस्था की गई है। समिति को सहयोग देने वाले लोगों के लिए बैठने की विशेष व्यवस्था है, जबकि अन्य दर्शक भी अपनी सुविधानुसार कुर्सियों पर बैठकर आयोजन का आनंद ले सकते हैं।

उन्होंने बताया कि करीब दो लाख वाट के साउंड सिस्टम पर संगीत की धुन गूंजते ही प्रतिभागियों में गरबा करने का उत्साह बढ़ जाता है। प्रतिभागियों के लिए विभिन्न श्रेणियां भी निर्धारित की गई हैं। पांच दिनों तक चलने वाला यह गरबा महोत्सव 19 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। ।

विश्वकर्मा चौक में सजा मां दुर्गा का दरबार



बंगोली| समीपस्थ ग्राम बरौंडा के विश्वकर्मा चौक में जय महामाया दुर्गोत्सव समिति के द्वारा मॉ दुर्गा की आकर्षक मूर्ति विराजित है। समिती सदस्य अध्यक्ष राकेश वर्मा, उपाध्यक्ष-डुपेश साहू, सचिव त्रिभुवन वर्मा, कोषाध्यक्ष खुमान साहू|

प्रेम मंदिर की थीम पर सजा मां दुर्गा का दरबार, 166 ज्योति कलश से जगमगाया देवी धाम



संडी बंगला। सार्वजनिक श्री दुर्गोत्सव समिति मुड़पार-संडी बंगला में नवरात्र महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। वृंदावन के प्रेम मंदिर की थीम पर सजे पंडाल में मां दुर्गा नौ स्वरूपों में विराजमान हैं। आकर्षक विद्युत सज्जा और 166 मनोकामना ज्योति कलश श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। नवरात्र के दौरान 16 से 19 अक्टूबर तक जसगीत, झांकी और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। 20 अक्टूबर को दशहरा पर रंग झरोखा लोकसंस्कृति कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें कसडोल विधायक संदीप साहू सहित अन्य अतिथि शामिल होंगे। समिति अध्यक्ष नेतराम साहू ने बताया कि माता रानी के दर्शन के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। रात में जसगीत, जागरण और भजन संध्या का आयोजन भी किया जा रहा है।





मातृ शक्तियों द्वारा विधिवत पूजन अर्चना कर मां दुर्गा की आरती गायन किया

पंचमी पर नन्हीं कन्याओं को कराया कन्या भोज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी





सरस्वती शिशु मंदिर अर्जुनी में शारदीय नवरात्रि की पावन अवसर पर पंचमी तिथि को विद्यालय में अध्यनरत छोटे भैया-बहनों को कन्या भोज कराया गया। इस अवसर पर कक्षा द्वितीय तक की बहने माता के विभिन्न रूप धारण कर विद्यालय पहुंची।

प्राचार्य चैन सिंह वर्मा एवं उपस्थित अभिभावक मातृ शक्तियों द्वारा विधिवत पूजन अर्चना कर मां दुर्गा की आरती गायन किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के छोटे भैया-बहनों को खीर पूरी हलवा केला आदि से उनका भोज एवं दक्षिणा दिया गया। इस अवसर पर सरपंच कविता ध्रुव एवं छोटे भैया बहनों की मातृ शक्ति अभिभावक की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान पूरा विद्यालय प्रांगण भक्ति मय हो उठा। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य चैन सिंह वर्मा, माखनलाल साहू, किशोरी लाल ध्रुव, श्रवण निषाद, रिपुसुदन श्रीवास, हिंछा राम भारद्वाज, प्रदीप कोसले, वसंत कुमार वर्मा, पुरुषोत्तम वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, लक्ष्मी नारायण निषाद, दीदी भगवती सेन, फाल्गुनी वर्मा, भागमती निषाद, कमला वर्मा, पार्वती ध्रुव, नम्रता साहू, प्रीति वर्मा, शीतल वर्मा, लीना वर्मा, राही साहू, पांचों यादव सहित बड़ी संख्या में अभिभावकगण एवं भैया -बहन उपस्थित रहे।

